उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,
हरिद्वार–249404

UTTARAKHAND PUBLIC SERVICE COMMISSION

संख्याः– 468 / 01 / डी0आर0(डिग्री) / सेवा–2 / 2021–22 दिनांक : 14 नवम्बर, 2024

विज्ञप्ति

असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन–2021

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन–2021 के अंतर्गत असिस्टेंट प्रोफेसर, भौतिक विज्ञान (PHYSICS) विषय हेतु संशोधित शार्टलिस्टिंग परिणाम दिनांक 30 सितम्बर, 2024 के क्रम में सफल अभ्यर्थियों से दिनांक 15 अक्टूबर, 2024 तक प्राप्त अभिलेखों की सन्निरीक्षा के क्रम में **अनर्ह सूची, अधिमानी अर्हता विषयक सूची एवं अभ्यर्थन निरस्त सूची** को आयोग की वेबसाईट psc.uk.gov.in पर प्रसारित कर दिया गया है।

उक्त के क्रम में अवगत करना है कि असिस्टेंट प्रोफेसर, भौतिक विज्ञान (PHYSICS) विषय के अन्तर्गत संशोधित शार्टलिस्टिंग परिणाम के सापेक्ष अनर्ह सूची में अंकित अभ्यर्थी से अनर्हता के सापेक्ष साक्ष्यों सहित प्रत्यावेदन / अभिलेख आयोग कार्यालय में उपलब्ध कराये जाने हेतु नियमानुसार 15 दिन का समय **दिनांक 29 नवम्बर, 2024 (शुक्रवार)** तक प्रदान किया गया है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त किसी भी प्रत्यावेदन / अभिलेख पर विचार नहीं किया जायेगा।

यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों को इस संबंध में डाक के माध्यम से पृथक से सूचना प्रदान नही की जायेगी।

-Sd-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।